मॉड्यूल 1: बाल अधिकार तथा संरक्षण कानूनों से एक परिचय

सत्र 2: बाल संरक्षण

अवधि: 4:37 मिनट

भाग 2.1 व कौन से बच्चे हैं जिन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है

अब यह आवश्यक है कि आपको यह स्पष्ट समझ हो कि वे कौन से बच्चे हैं जिन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है। आईए कुछ मामलों (केस स्टडी) का अध्ययन करें और यह समझें कि क्या उस स्थिति में बच्चों को देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है।

आईए अब हम अधिनियम के प्रावधानों को देखें और समझें कि, किस तरह देखरेख तथा संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों को परिभाषित किया जाता है।

किशोर न्याय अधिनियम दो श्रेणियों के बच्चों को कमजोर और असुरक्षित समझते हैं, जिन्हें देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता है:

- कानून का उल्लंघन करने वाला बच्चा: ऐसा बच्चा जिस पर किसी अपराध को कारित करने का आरोप हो या जिसने अपराध किया हो और अपराध करने के दिन जिसने 18 वर्ष की आयु पूरी न की हो।